कार्यालय पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक:- 24.05.2025

विषय- 01 नफर बाल अपचारी, चोरी के 01 अदद स्कूटी के साथ थाना चौक पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त ज़ोन काशी महोदय के आदेश के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी महोदय व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध महोदय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी विमल कुमार मिश्र की टीम व कमाण्ड सेन्टर में लगे कैमरों के सहयोग से थाना चौक में पंजीकृत मु0अ0सं0-56/2025 धारा 303(2) बीएनएस कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित चोरी गये स्कूटी UP65FP6679 के साथ 01 नफर बाल अपचारी उम्र 17 वर्ष को देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के क्रम में डोम बस्ती बेनिया थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी से दिनांक 24.05.2025 को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण:-

दिनांक 23.05.2025 को थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना स्थानीय के ब्रह्मनाल क्षेत्र से आवेदक के घर के पास लाबी में एक स्कूटी UP65FP6679 खड़ी थी जिसको किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया। इस सूचना पर आवेदक के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-56/2025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

अभियोग का विवरण:-

1. मु0अ0सं0- 56/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

अभियुक्त का विवरण:-

1. बाल अपचारी उम्र 17 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक: - डोम बस्ती बेनिया थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी, दिनांक 24.05.2025 ।

बरामदगी का विवरण:-

1. स्कूटी नं0 UP65FP6679 बरामद किया गया।

बरामद एवं गिरफ्तार करने वाली टीम: -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री वैभव कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी ब्रह्मनाल थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री प्रकाश सिंह चौहान चौकी प्रभारी दालमण्डी थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 श्री आलोक कुमार यादव थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 चन्दन कुमार पाण्डेय थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 मदन कुमार थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 मनोज कुमार साहू थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 प्रवीण कुमार थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी